03 हिन्दुस्तान
लखनऊ • मंगलवार • 12 फरवरी 2019

रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर शुरू

शिविर

अम्बेडकरनगर | हिसं

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में तीन दिनी रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ हुआ। रेंजर्स प्रभारी इकाई प्रथम प्रो. चन्द्रभान और द्वितीय प्रो. वालेन्टिना प्रिया के निर्देशन में आयोजित शिविर का सोमवार को उदघाटन वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने किया। प्रो. चन्द्रभान की ओर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की गई तो उपासना, स्वर्णिमा, नमिता, साक्षी, मोहनी, सोनाली, रीमा, सोनी व अन्य छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

रेंजर्स प्रभारी इकाई द्वितीय प्रो. वालेन्टिना प्रिया के संचालन हुए उदघाटन समारोह में प्राचार्या ने कहा कि शिविर के उदेश्यों को हमेशा अपने अन्दर रखना चाहिए। उदघाटन समारोह में डा. नन्दन सिंह, डा. अरविन्द कुमार वर्मा, कुंवर संजय भारती, डा. अतुल कुमार कन्नौजिया, डा. मनोज गुप्ता, प्रो. रवीन्द्र कुमार, प्रो. संजीव अरोड़ा, डा. अजीत प्रताप सिंह, डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डा.आनंद, डा. पूनम, डा. राजेश कुमार, डा. अरूणकान्त गौतम, प्रो. विजय लक्ष्मी यादव मौजूद रहीं।

स्काउट के जिला संगठन आयुक्त बलराम राजभर ने छात्राओं को स्काउटिंग और गाइडिंग का महत्व बताया। शिविर के पहले दिन ट्रेनिंग काउंसलर सुरेश कुमार वर्मा ने स्काउट प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, मार्च पास्ट, और ध्वज की जानकारी देने के साथ प्रशिक्षण देकर अभ्यास कराया।

छात्राओं ने जाना सीटी का संकेत

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर आसोजित तीन दिनी रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर जारी रहा। मंगलवार को दूसरे दिन रेंजर्स प्रभारी इकाई प्रथम प्रो. चन्द्रभान और द्वितीय प्रो. वालेन्टिना प्रिया के निर्देशन में शिविरार्थी छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का समापन बुधवार को होगा।

रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला संगठन आयुक्त बलराम राजभर और ट्रेनिंग काउंसलर सुरेश कुमार वर्मा ने स्काउट के सर्व धर्म प्रार्थना, व्यायाम, श्रमदान, मार्चपास्ट, टर्न आउट सैल्यूट, रिपोर्टिंग, स्काउटिंग के इतिहास, वर्दी, सीटी के संकेत, वन विद्या, प्राथमिक चिकित्सा, भलाई के कार्य, प्रथम सोपान की गांठे लगाना, हस्तकला व अन्य विषयों पर शिविरार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

39
2018-19

जो दिखा वही लिखा
अयोध्या समाचार
Regd. No.- 1224/14-15

रेंजर प्रवेश प्रशिक्षण का दूसरा दिन

Article ID: 32050

Photo Caption: *कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्काउट* :: Photo Grapher : *Ayodhya Samachar*

◆ स्काउट ने की सर्व धर्म प्रार्थना

अम्बेडकर नगर, 12 फरवरी । रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में मंगलवार को रेंजर्स प्रभारी प्रो0 चन्द्रभान एवं प्रो0 वालेन्तिना प्रिया के निर्देशन में रेंजर प्रवेश प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला संगठन आयुक्त बलराम राजभर व ट्रेनिंग काउन्सलर सुरेश कुमार वर्मा ने स्काउट के सर्व धर्म प्रार्थना व्यायाम एवं श्रमदान, मार्चपास्ट टर्न आउट, सैल्यूट एवं रिपोर्ट स्काउटिंग का इतिहास, मूलाधार वार्दी सीटी के संकेत वन विद्या, प्राथमिक चिकित्सा भलाई का कार्य, प्रथम सोपान के गाँठें, हस्तकला आदि विषयों पर शिविरार्थियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह एवं विद्वान प्रोफेसर यथा डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, कुंवर संजय भारती, डॉ0 अतुल कुमार कन्नौजिया, डॉ0 मनोज गुप्ता, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा, प्रो0 संजीव अरोड़ा, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 आनन्द, सीता पाण्डेय, डॉ0 संगीता, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 महेन्द्र प्रकाश, डॉ0 अरूण कान्त गौतम, प्रो0 विजय नक्ष्मी यादव, एवं चन्द्र मौलि मिश्र आदि भी उपस्थित रहे।

50
2018-19

जो दिखा वही लिखा
अयोध्या समाचार
Regd. No.- 1224/14-15

रेंजर प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

Article ID: 32078

Photo Caption: *कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि व अन्य* :: Photo Grapher : *Ayodhya Samachar*

- रेंजर प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन
- कालेज में आयोजित हुए रंगारंग कार्यक्रम

अम्बेडकरनगर , 13 फरवरी। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में बुधवार को रेंजर्स प्रभारी प्रो0 चन्द्रभान एवं प्रो0 वालेन्तिना प्रिया के निर्देशन में रेंजर प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य व संरक्षक प्रो0 शेफाली सिंह ने की। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने स्काउट गाइड के आदर्शों नियमों व अनुशासन को जीवन में उतारने की बात कही। जिला संगठनन आयुक्त बलराम राजभर व ट्रेनिंग काउन्सलर सुरेश्ज्ञ कुमार वर्मा ने टेंट लगाना, बिना बर्तन के खाना बनाना, मार्च पास्ट, झण्डा सम्मान, आपदा प्रबन्धन, हस्तकला, आदि विषयों पर शिविरार्थियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर शिविरार्थी छात्राओं, साक्षी , मोहिनी, प्रज्ञा व प्रिया ने शिविर के अनुभवों को साझा किया। छात्राओं सोनाली, वन्दना, अंजू, रूपाली, अनामिका, रेनू, उपासना, श्रेया एवं स्वर्णिमा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन वालेन्तिना प्रिया, प्रभारी रेंजर्स द्वितीय ने किया। प्रो0 चन्द्रभान, प्रभारी रेंजर्स प्रथम ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सहयोगियों एवं विद्वान साथियों का आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह एवं विद्वान प्रोफेसर यथा डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।